हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 8 जुलाई 2024

नागदा | महिदपुर | तराना | बड़नगर | उन्हेल | घट्टिया | इंगोरिया | खाचरौद | माकड़ोन | कायथा

06 उदयनगर के शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल में छात्रों से...




07 भक्त बनने का अहंकार नहीं, अहंकार को समाप्त...



## खबर संक्षेप

### निर्माण के दौरान बुजुर्ग की छत से गिरकर मौत

**सीहोर।** बुदनी नगर के वार्ड -7 तहसील कार्यालय के पास शॉपिंग कांप्लेक्स का निर्माण किया जा रहा है। इस दौरान शुक्रवार दोपहर युवक रमेश पवार पिता देवी पवार उम्र 50 वर्ष तालपुरा निवासी दुकान की छत से गिर गया, जिससे उसकी मौत हो गई। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार युवक इस शॉपिंग - कांप्लेक्स में मजदूरी का काम करता था और सेटिंग निकालने के लिए छत पर कार्य कर रहा था। इसी दौरान हादसा हुआ और वह छत से नीचे गिर गया।

### डाबरी गांव के नाले में मिला मृत नवजात

**सीहोर।** शुक्रवार को नगर के पार्वती थाना अंतर्गत डाबरी गांव के नाले में एक नवजात शिशु का शव मिला। जिसे देखने लोगों की भीड़ जमा हो गई। नवजात 5 से 6 महीने का है। शुक्रवार की शाम 4 बजे पुलिस को सूचना मिली कि डाबरी गांव के नाले में एक नवजात शिशु का शव पड़ा हुआ है। पार्वती थाना प्रभारी चिन्मय मिश्रा ने पंचनामा बनाकर शव को पीएम के लिए सिविल अस्पताल भेजा गया। पार्वती थाना प्रभारी ने बताया कि इस मामले में मर्ग कायम कर जांच की जाएगी।

### 3 हजार 256 पदों पर होगी भर्ती

**सीहोर।** एयर इंडिया एयरपोर्ट सर्विसेज में हैंडी मैन सर्विस एग्जीक्यूटिव, यूटिलिटी एजेंट्स समेत विभिन्न 3 हजार 256 पदों पर भर्ती निकाली है।

---

लोगों को परोपकार का अर्थ समझा कर सुसनेर से पाटन की ओर विहार कर गए आचार्यश्री

# परोपकार के समान कोई धर्म नहीं है : प्रज्ञासागर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

परोपकार का अर्थ है, दूसरों की भलाई करना। परोपकार के समान कोई धर्म नहीं है। परोपकार ऐसा कार्य है, जिससे शत्रु भी मित्र बन जाता है। यदि शत्रु पर विपत्ति के समय उपकार किया जाए तो वह भी सच्चा मित्र बन सकता है। सच्चा परोपकारी वही व्यक्ति है, जो प्रतिफल की भावना न रखते हुए परोपकार करता है।

सुसनेर से झालरापाटन चातुर्मास के लिए विहार पर नंगे पैर निकले आचार्य श्री प्रज्ञासागर महाराज ने गणेशपुरा से आगे इंदौर-कोटा राजमार्ग पर संतो के विश्राम हेतु बनाए जा रहे संत निवास पर पौधरोपण कार्यक्रम के पूर्व उनको वहां तक छोड़ने के लिए सुसनेर से साथ आये बड़ी संख्या में भक्तों के समक्ष यहां बात कही। आचार्यश्री ने कहा कि संत कबीरदास कहते हैं कि एक दिन न धन रहेगा, न यौवन ही साथ होगा। घर भी छूट जाएगा, रहेगा तो अपना यश, यह तभी संभव है कि जीवन में हमने किसी का काम किया हो।

### शुभ कर्म करने वाला दुर्गति को प्राप्त नहीं होता

उन्होंने कहा कि गीता में भगवान श्रीकृष्ण अजरुन से कहते हैं कि शुभ कर्म करने वालों का न यहां और न ही परलोक में विनाश होता है। शुभ कर्म करने वाला दुर्गति को प्राप्त नहीं होता है। सच्चा परोपकारी वही व्यक्ति है जो प्रतिफल की भावना न रखते हुए परोपकार करता है। आचार्यश्री ने एक दृष्टांत सुनते हुए कहा कि एक बार एक संत आम के पेड़ की छाया में आराम कर रहे थे, तभी कुछ बच्चे आम तोड़ने के लिए पेड़ की ओर पत्थर फेंकने लगे। इसी बीच एक पत्थर संत के सिर पर लगा और खून बहने लगा। अब बच्चों को यह डर सताने लगा कि अब संत उन्हें श्राप देंगे। इस डर से बच्चे वहां से भागने लगे, लेकिन संत ने उनको अपने पास बुलाया और कहा, तुमने वृक्ष पर पत्थर मारा और उसने तुम्हें आम खाने को दिए, लेकिन मैं तुम्हें कुछ भी नहीं दे पा रहा हूं। संत की परोपकार की भावना सुनकर बच्चे उनके आगे नतमस्तक हो गए। असल में, सूर्य, चंद्रमा, वायु, अग्नि, जल, आकाश, पृथ्वी, पेड़-पौधे आदि सभी मानव कल्याण में लगे रहते हैं। ऐसे में हर मानव का भी कर्तव्य है कि वह दूसरों के काम आए।



### 'दूसरों की पीड़ा दूर करने वाले पुरुष नहीं महापुरुष होते हैं'

उन्होंने आगे कहा कि समाज में ऐसे अनेक त्यागी, संन्यासी हुए हैं जिन्होंने मानव-सेवा और मानव कल्याण में अपना सारा जीवन समर्पित कर दिया। उन्होंने उसके बदले में कुछ नहीं चाहा, बल्कि स्वयं अपार कष्ट सहकर भी अपना मार्ग नहीं छोड़ा। महर्षि दधीचि के बारे में सभी जानते हैं कि उन्होंने अपनी अस्थियां तक उन्हें दान दे दी थीं ताकि इंद्र उससे अस्त्र-शस्त्र बनाकर राक्षसों से युद्ध लड़ें और मानव को सुखी बना सकें। देहदान की वह परंपरा आज भी मौजूद है। विज्ञान ने आज इतनी उन्नति कर ली है कि मरने के बाद भी हमारे शरीर के तमाम अंग किसी अन्य व्यक्ति के जीवन को बचाने का काम कर सकते हैं। दान कर देना महान उपकार है। जीवित रहते हुए दूसरों की सेवा करना और मरने के बाद भी दूसरों की पीड़ा दूर करने वाले पुरुष नहीं बल्कि महापुरुष होते हैं।



इस अवसर पर उन्होंने पूर्व विधायक राणा विक्रमसिंह को सुसनेर में 1008 पौधरोपण कराने में तन, मन, धन से सहयोग के लिए दिल से आशीर्वाद दिया। साथ ही सुसनेर नगरवासियों के साथ इस वृहद पौधरोपण कार्यक्रम के लिए सभी सहयोगियों को अपना आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर पूर्व विधायक राणा विक्रमसिंह, त्रिमूर्ति मन्दिर समिति अध्यक्ष महावीर जैन सालरिया, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि राहुल सिसोदिया, उपाध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश जैन खुपवाला, शैलेन्द्र सिंघई, भूपेंद्र सांवला, पार्षद प्रतिनिधि जितेंद्र सांवला, मुकेश चौधरी, विनोद जैन, राकेश जैन, कपिल लुहाड़िया सहित बड़ी संख्या में समाज जन एवं नगर वासी उपस्थित थे।

### आचार्यश्री की विदाई पर नम हुईं आंखें

ज्ञात रहे की सुसनेर से झालरापाटन की ओर विहार के लिए निकलने से पूर्व आचार्यश्री प्रज्ञासागर महाराज ने शुक्रवार को पौधरोपण महोत्सव के तहत सुसनेर सहित पूरे मध्यप्रदेश में पहली बार त्रिमूर्ति मन्दिर से सुसनेर के शासकीय स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय तक विशाल पौधरोपण यात्रा निकालकर सुसनेर का नाम मध्यप्रदेश के इतिहास में दर्ज करवा दिया। क्योंकि इससे पहले लोगो ने कलश यात्रा देखी थी, शोभायात्रा देखी थी, यहां तक कि ध्वज यात्रा भी देखी थी परन्तु इतनी बड़ी संख्या में लोगो ने अपने हाथों में पौधा लेकर आचार्य श्री की प्रेरणा से पौधरोपण यात्रा पहली बार निकाली। शनिवार को सुसनेर नगर से आचार्य श्री को विदा करते समय नगरवासियों की आंखों में पानी आ गया। क्योंकि वो नगर को पौधरोपण यात्रा और 1008 पौधों को सर्व धर्म एवं सर्व समाज के लोगो से पौधरोपण का सौभाग्य प्रदान कर ये तपस्वी राजस्थान की ओर विहार कर गए। ओर रास्ते मे भी अपने जीवन मे एक करोड़ पौधरोपण का जो संकल्प है उसे आम लोगों के सहयोग से पूरा कराते हुए पर्यावरण ओर प्रकृति को बचाने की यात्रा पर झालरापाटन की ओर निकले।

---

त्योहारों को लेकर शांति समिति की बैठक

## सभी त्योहार आपसी सौहार्द्र के साथ मनाने की लोगों से अपील



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

आगामी त्योहार मोहर्रम व गुरु पूर्णिमा पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक सम्पन्न हुई। शनिवार सायं 5 बजे स्थानीय पुलिस थाने पर आयोजित शांति समिति की बैठक में एसडीओपी देवनारायण यादव एवं पुलिस थाना प्रभारी शशि उपाध्याय द्वारा आने वाले सभी त्योहार आपसी सौहार्द्र के साथ मनाने की अपील की गई। बैठक में मार्ग के गड्ढे भरने, सफाई व्यवस्था नगर परिषद व विद्युत लाइन के झूलते तारों में बांस बांधने व ऊंचा करने की जिम्मेदारी विद्युत वितरण कंपनी को सौंपी गई।

बैठक में गुरु पूर्णिमा पर बल्ड़ावदा हनुमान मंदिर पर लगने वाले एक दिवसीय मेले के दौरान यातायात व्यवस्था सुचारू रखने की जवाबदारी पुलिस प्रशासन को सौंपी गई। शांति समिति सदस्यों द्वारा मां बगलामुखी मंदिर पर बड़ी संख्या में मौजूद भिक्षुओं को हटाने की बात रखी गई जिस पर अधिकारियों द्वारा उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया गया। बैठक में नगर परिषद राजस्व निरीक्षक बाबूसिंह राजपूत, सदर जलील खां सहित मोहर्रम कमेटी के सदस्य, जनप्रतिनिधि,पत्रकार एवं शांति समिति सदस्य उपस्थित थे।

### केन्द्रीय राज्यमंत्री मल्होत्रा ने मां बगलामुखी के दर्शन किए



**नलखेड़ा।** केन्द्रीय राज्यमंत्री हर्ष मल्होत्रा ने सपरिवार आषाढ़ माह की गुप्त नवरात्रि के प्रथम दिवस नलखेड़ा पहुंचकर मां बगलामुखी के दर्शन कर पूजन किया।

## थाना परिसर में किया पौधरोपण



**नलखेड़ा।** पर्यावरण संरक्षण के लिए वसुंधरा को हरा भरा कर उसका श्रृंगार करने के लिए पुलिस विभाग भी आगे आया है। रविवार को स्थानीय पुलिस थाना परिसर में थाना प्रभारी शशि उपाध्याय के नेतृत्व में पुलिस अधिकारियों व जवानों द्वारा पौधरोपण किया गया। गौरतलब है कि स्थानीय पुलिस थाना परिसर में विगत दो वर्षों से पुलिस बल द्वारा लगातार पौधरोपण किया जा रहा है। रोपे गए पौधों को जीवित रखने के लिए ट्री गार्ड लगाने के साथ ही तार फेंसिंग भी की गई है एवं जवानों द्वारा वर्ष भर नली के माध्यम से उन्हें पानी भी पिलाया जाता है।

मां बगलामुखी के भी किए दर्शन

## रामदेव धाम पहुंचीं पूर्व मंत्री उषा ठाकुर, गुरुदेव से लिया आशीर्वाद

**नलखेड़ा।** प्रदेश सरकार की पूर्व मंत्री उषा ठाकुर रविवार को तहसील के ग्राम टीकोन स्थित प्रसिद्ध चमत्कारी स्थल बाबा रामदेव धाम पर पहुंचीं। जहां उनके द्वारा बाबा के दर्शन कर गुरुदेव शिवनारायण पाटीदार का आशीर्वाद प्राप्त किया। सुश्री उषा ठाकुर नलखेड़ा स्थित मां बगलामुखी मंदिर भी पहुंची जहां उनके द्वारा माता रानी के दर्शन कर विशेष पूजा अर्चना की गई।



मनोकामना पूर्ति के लिए करवाए हवन-अनुष्ठान

## सिद्धपीठ पर पूजा करने उमड़ा भक्तों का सैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा





आषाढ़ माह की गुप्त नवरात्रि के रविवार को विश्व प्रसिद्ध पीताम्बरा सिद्धपीठ मां बगलामुखी मंदिर पर भक्तों का सैलाब उमड़ता दिखाई दिया। इस दिन लगभग पचास हजार से अधिक भक्त माता रानी के दर्शनों के लिए पहुंचे। आषाढ़ माह की गुप्त नवरात्रि के दूसरे दिन रविवार को अवकाश होने के चलते मां बगलामुखी मंदिर पर प्रातःकाल से ही भक्तों का आना प्रारम्भ हो गया था। दिन चढने के साथ ही दर्शनार्थियों की संख्या भी बढती गई। प्रातः 11 बजे से देर शाम तक भक्तों की लंबी - लंबी कतारें लगी रही जोकि मंदिर के बाहर लगे डोम के भी बाहर तक पहुंच चुकी थी। भक्तों को माता रानी के दर्शन लाभ प्राप्त करने के लिए आधा से एक घंटे का समय लग रहा था। इस दौरान मन मे अगाध आस्था लिए भक्त माता के जयकारों से परिसर गुंजायमान कर रहे थे। दर्शनार्थ पहुंचे भक्तों में से कई के द्वारा मंदिर परिसर में अपनी मनोकामना को लेकर हवन - अनुष्ठान भी किये गए। हवन अनुष्ठान के लिए भी भक्तों को घंटो इंतजार करना पड़ा। यज्ञशाला में लगातार चल रहे हवन अनुष्ठान के मंत्रों की गूंज से मंदिर परिसर गुंजायमान होता रहा। साथ ही यज्ञ से उठने वाली सुंगध से परिसर महकता रहा।

गौरतलब है कि आषाढ़ माह की गुप्त नवरात्रि 6 से 15 जुलाई तक चलेगी। इस गुप्त नवरात्रि में तांत्रिक सिद्धियां प्राप्त करने के लिए तांत्रिक गुप्त रूप से तंत्र विद्या के माध्यम से आराधना करते है। वही माना जाता है कि गुप्त नवरात्रि में विधि विधान से हवन अनुष्ठान करने पर भक्तों की मनोकामना शीघ्र पूर्ण होती है।

### दर्शन व पार्किंग के लिए होती रही जद्दोजहद

मां बगलामुखी मंदिर पर देश भर के विभिन्न स्थानों से पहुंचे दर्शनार्थी कई बार कतार में लगने के बाद भी दर्शन के लिए जद्दोजहद करते दिखाई दिए। कतार में लगे दर्शनार्थियों में कई बार मामूली कहासुनी भी हुई। इसी प्रकार मंदिर के समीप स्थित पार्किंग स्थल चौपहिया वाहनों से भर जाने के बाद ईदगाह के सामने स्थित मैदान पर वाहन पार्क किये जाने लगे। जहाँ भी वाहन चालक पार्किंग को लेकर परेशान होते रहे।

---

देश की चुनाव प्रणाली को बच्चे अच्छे से समझ सकेंगे

## गुरुकुल कॉन्वेंट स्कूल में बाल संसद का किया गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा





नगर की शिक्षण संस्था गुरुकुल कॉन्वेंट हायर सेकंडरी विद्यालय में बाल संसद के गठन की प्रक्रिया संपन्न हुई । प्रार्थना सभा में ही बच्चों को बाल संसद के गठन की पूरी प्रक्रिया को विस्तार से बताया गया। सर्वप्रथम अलग अलग विभागों के लिए बच्चों द्वारा नामांकन प्रक्रिया संपन्न हुई। नामांकन कराने के पश्चात छात्रों ने सभी कक्षाओं में जाकर छात्र छात्राओं से वोट देने की अपील की। एक कक्ष में वोटिंग की तैयारी की गई। सभी छात्रों को चुनाव की प्रक्रिया समझाने का यह बहुत अच्छा माध्यम है जिससे बच्चे अपने देश में होने वाले चुनाव और व्यवस्था को भी अच्छे से समझ सकेंगे। वहीं जीवन कौशल का विकास करने के उपयुक्त अवसर बच्चों को प्राप्त होते हैं। बाल संसद गठन के पश्चात चयनित छात्र छात्राओं जिसमें प्रधानमंत्री के रूप में उत्तमा परमार,उप प्रधानमंत्री के रूप में आराध्या विश्वकर्मा, शिक्षा मंत्री के रूप में दीपेश शर्मा और अक्षत विश्वकर्मा,स्वास्थ मंत्री के रूप में याशिका पाटीदार, स्वच्छता मंत्री के रूप में इलिशा प्रजापति और रिम्शा अली,जल मंत्री के रूप में हनी अग्रवाल,विज्ञान मंत्री के रूप में रोहन मालवीय, खेल मंत्री के रूप में केरवी जैन और लहर भिलाला, सांस्कृतिक मंत्री के रूप में कृतिका मंडलेकर को चुना गया। इन सभी बच्चों को बाल संसद के कर्तव्यों के निर्वहन की शपथ दिलाई गई।

मामला बगलामुखी में भक्तों को दी जाने वाली रसीद का


## दो माह बाद भी नहीं हैं कट्टे, कागज पर दे रहे रसीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

मां बगलामुखी मंदिर पर भक्तों द्वारा किये जाने वाले हवन अनुष्ठान के लिए मंदिर प्रबंध समिति द्वारा हवन कुंड का किराया लिया जाता है जिसकी लगभग दो माह पूर्व तक एक रसीद प्रदान की जाती थी लेकिन दो माह से रसीद कट्टे नही होने के कारण सादे कागज पर हवन कुंड का नंबर व समय लिखकर भक्तों को दी जा रही है जिन पर प्रबंध समिति की मोहर भी नही लगी हुई है। बताया जाता है कि कमिश्नर कार्यालय से रसीद कट्टे नही आये है इसलिए सादे कागज पर लिखकर दिया जा रहा है। अब सवाल यह उठता है कि क्या रसीद कट्टे मात्र 100 किमी की दूरी दो माह में भी पूर्ण नही कर पाए है। इसके चलते कई प्रकार की शंकाएं पैदा हो रही है।

प्रसिद्ध तांत्रिक स्थली मां बगलामुखी मंदिर के संबंध में माना जाता है कि यहाँ भक्तों द्वारा हवन अनुष्ठान करने पर उनकी मनोकामना शीघ्र पूर्ण होती है। इसी के चलते यहाँ देश भर से आने वाले भक्तों द्वारा अपनी मनोकामना को लेकर हवन अनुष्ठान किये जाते है।

हवन अनुष्ठान के लिए मंदिर प्रबंध समिति द्वारा मुख्य मंदिर के पीछे एवं मंदिर के समीप स्थित पार्क में यज्ञ शालाएं बना रखी है। जहाँ हवन करने के लिए मां बगलामुखी मंदिर प्रबंध समिति भक्तों से हवन कुंड के किराए के रूप में 350 रुपये वसूल करती है। जिसकी लगभग दो माह पूर्व तक धर्मस्व विभाग की बाकायदा रसीद भक्तों को प्रदान की जाती थी। लेकिन गत दो माह से भी अधिक समय से रसीद के बदले सादे कागज पर समय व हवन कुंड का नंबर लिखकर दिया जा रहा है। जिसे लेकर कई भक्त विरोध दर्ज करवा चुके है। इन दो माह में कुछ कट्टे मंदिर में स्थित प्रबंध समिति के कार्यालय पहुंचे भी थे लेकिन बताया जाता है कि वे मात्र दो दिन में ही खत्म हो गए थे।




वर्तमान में आषाढ़ माह की गुप्त नवरात्रि चल रही है और इस दौरान प्रतिदिन सिद्धपीठ पर 24 घंटे हवन अनुष्ठान जारी है। अनुमान है कि प्रतिदिन सिद्धपीठ पर एक हजार से अधिक हवन हो रहे है। इन सभी हवनकर्ता भक्तों को सादे कागज की ही रसीद दी जा रही है जिस पर ना तो राशि का उल्लेख है और ना ही मंदिर प्रबंध समिति की मोहर है। ये रसीदें इस प्रकार की लगती है जैसे सट्टे वाले ग्राहक को देते है। ऐसे में कई प्रकार की शंकाएं उत्पन्न हो रही है। इस प्रकार की रसीद भक्त या कोई अन्य भी बनाकर हवन अनुष्ठान कर सकता है, क्या सभी रसीदों की एंट्री रजिस्टर में की जा रही है ? सवाल यह है कि जिम्मेदार कमिश्नर कार्यालय उज्जैन से रसीद कट्टे नही आने की बात कर रहे है तो क्या कमिश्नर कार्यालय उज्जैन से 100 किमी की दूरी दो माह में भी रसीद कट्टे पूर्ण नही कर पाए है ? आखिर रसीद कट्टे कब तक आएंगे ? जिम्मेदारों को तत्काल रसीद कट्टे मंगवाकर भक्तों को रसीद प्रदान की जाना चाहिए जिससे सभी प्रकार की आशंकाएं समाप्त हो जाये और इसके कारण मंदिर की हो रही बदनामी भी बंद हो सके।

### इनका कहना है

मां बगलामुखी मंदिर पर हवन करने वाले भक्तों को कार्यालय से रसीद दी जाती है, लेकिन रसीद कट्टे समाप्त हो जाने से रजिस्टर मेंटेन कर उन्हें सादे कागज पर हवन कुंड नंबर और तारीख़ लिखकर पर्ची दी जा रही है। मेरे द्वारा भी प्रतिदिन रजिस्टर का अवलोकन किया जाता है। एक-दो दिन में रसीद कट्टे प्राप्त हो जाएंगे।

**मिलिंद ढोके,** एसडीएम तथा अध्यक्ष मां बगलामुखी मंदिर प्रबंध समिति नलखेड़ा

**खबर संक्षेप**

## मार्ग को फोरलेन करने की मांग, लिखा पत्र

**देवास।** किसान कांग्रेस प्रदेश महामंत्री मलखान सिंह देवडा ने प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव को देवास-विजयागंज मंडी मार्ग को टू लेन से फोर लेन मे परिवर्तित करने की मांग को लेकर पत्र लिखा है। देवडा ने अपने पत्र में बताया कि उक्त मार्ग टू लेन का होकर 30 कि.मी. लंबा है, जिससे कि सैकड़ो गाँव के लोग प्रतिदिन आवागमन करते है। यातायात की अधिकता के कारण आए दिन नागरिको की जान माल की हानि होती है। मार्ग फोर लेन होने से यात्रा आसान होगी। साथ ही क्षेत्र का चहुंमुखी विकास भी होगा। इसके साथ ही देवडा ने उज्जैन क्षेत्र के विक्रम उद्योगपुरी और नालेज सिटी को टू-लेन मार्ग के माध्यम से माधोपुर व्याहा कवड़ी आगरोद मे विजयागंज मार्ग से सीधे जोडऩे की मांग भी की है, जिससे की क्षेत्र मे रोजगार एवं शिक्षा के नये विकल्प उपलब्ध होंगे। देवडा ने बताया कि उपरोक्त कार्य पूर्ण होने पर आगामी सिंहस्थ 2028 मे प्रशासन को क्राउड कट्रोल एवं यातायात डायवर्जन के लिए काफी उपयोगी साबित होगा।

## परिषद द्वारा किया गया पौधों का रोपण

**देवास।** भारत विकास परिषद द्वारा पुलिस परेड ग्राउंड पर पौधरोपण का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न प्रकार के पौधों का रोपण किया गया। कीर्ति चव्हाण ने बताया कि परिषद द्वारा पूरे देवास में लगभग 1000 पौधों का रोपण किया जाएगा। आज के समय में पौधरोपण अति आवश्यक हो गया है क्योंकि धरती का तापमान लगातार बढ़ता जा रहा है। इस बढ़ते तापमान को रोकने, अच्छी बारिश, बाढ़ से बचाव के लिए पौधों का रोपण कर उन्हें पेड़ बनाना अति आवश्यक है।

### आदिवासी बहुल क्षेत्र के हायर सेकंडरी स्कूल में प्रभारी प्राचार्य कर रहे मनमानी

# उदयनगर के शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल में छात्रों से वसूला जा रहा अधिक प्रवेश शुल्क

नए बच्चों से नवीन प्रवेश के नाम पर मनमाना शुल्क वसूला जा रहा, इस राशि को कहा खर्च किया जा रहा है, उसकी भी होना चाहिए जांच।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चापडा

आदिवासी बहुल क्षेत्र अंतर्गत शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल उदयनगर में छात्रों से प्रवेश शुल्क के नाम पर लूट मार का खेल जारी है। एक तरफ सरकार आदिवासी वर्ग के बच्चों को निः शुल्क शिक्षा मुहैया कराने का दावा कर रही है, लेकिन दूसरी ओर स्कूल में बैठे जिम्मेदार इन दावों को झूठा ठहराने में कोई कसर नहीं छोड रहे हैं।


### स्कूल में करीब 1000 से 1200 छात्र-छात्राएं कर रहे अध्ययन

शा. हायर सेकंडरी स्कूल उदयनगर में इसी तरह की धांधली का मामला सामने आया है। जानकारी अनुसार शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल उदयनगर में लगभग 1000 से 1200 छात्र-छात्राएं अध्ययन करने के लिए आसपास के गांव से आते हैं। आर्थिक स्थिति कमजोर व गरीबी के कारण छात्र-छात्राएं शासकीय स्कूल में अध्ययन करने के लिए मजबूर होते हैं। छात्र-छात्राओं एवं परिवार जनों का मानना है कि शासकीय स्कूलों में फीस व अन्य खर्च कम लगते हैं , इसलिए उन्हें शासकीय स्कूलों में अध्ययन के लिए भेजते हैं, लेकिन शासकीय स्कूल उदयनगर में तो मनमाने तरीके से प्रवेश शुल्क लिया जा रहा है, जबकि पास ही पुंजापुरा और रातातलाई के शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल में लगभग शुल्क आधा लिया जा रहा है।

### बिना सहमति बढ़ाया शुल्क

स्कूल प्राचार्य की मनमानी का खामियाजा बच्चों को भुगतना पड़ रहा है। यह क्षेत्र आदिवासी बहुल है, यंहा ग्रामीण खेती एवं मजदूरी कर अपने परिवार का लालन-पालन करते हैं, ओर एसे में स्कूल व्दारा मनमानी राशि लेना गलत है। हर वर्ष





कार्यालय शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उदयनगर जिला देवास म. प्र.

प्रवेश शुल्क विवरण -2024-25

| क. | कक्षा | शुल्क | |
|---|---|---|---|
| 1. | 9 वी | 2320 ( नवीन ) | 1970 ( फेल ) |
| 2. | 10वी | 1910 | |
| 3. | 11वी कला | 2130 | |
| 4. | 11वी जीव विज्ञान | 2130 | |
| 5. | 12वी कला | 2080 | |
| 6. | 12 वी जीव विज्ञान | 2130 | |

प्राचार्य

नए बच्चों से प्रवेश शुल्क लिया जाता है, इस राशि को कहा खर्च किया जा रहा है,उस की भी जांच होना चाहिए। जानकारी के अनुसार प्राचार्य अय्यूब वदूद है जिनके छुट्टी पर होने के कारण कन्हैयालाल परमार को चार्ज दे रखा है।परमार ने सम्बंधित वरिष्ठ अधिकारी एवं प्राचार्य से बिना सहमति लिए ही शुल्क बड़ा दिया। हालांकि अब यह देखना होगा कि जब वरिष्ठ अधिकारियों को इसकी जानकारी मिलती हैं तो इस अनियमितता पर क्या कार्रवाई की जाती हैं। प्रवेश शुल्क के नाम पर बच्चों से अधिक लिया गया शुल्क वापस किया जाता है या नही।

**जांच करवाता हूं**

मामले की जानकारी आपके माध्यम से मेरे संज्ञान में आई हैं। में बीईओ को बोलकर जांच करवाता हूं।

**हरि सिंह भारती,** जिला शिक्षा अधिकारी देवास

**बिना पूछे लिया अधिक शुल्क**

वर्तमान में स्कूल प्रभारी कन्हैयालाल परमार है, उन्होंने मुझसे बगैर पूछे शुल्क अधिक लिया है, मैंने उन्हें बोला दिया है कि छात्र-छात्राओं का नामांकन शुल्क, परीक्षा शुल्क व अन्य कोई भी शुल्क पूरे वर्ष के हिसाब से ही लिया जाएगा

**अय्यूब वदूद,** प्राचार्य शा.हा.से.स्कूल उदयनगर

**लैब बनाने शुल्क में की बढ़ोतरी**

स्कूल में लैब बनवाना है इसके लिए हमने प्रवेश शुल्क में बढ़ोतरी की है।

**कन्हैयालाल परमार,** प्रभारी प्राचार्य शा.हा.से.स्कूल उदयनगर

# महिला की मौत, मेडिकल संचालक डॉक्टर गिरफ्तार

### क्लीनिक पर महिला की इलाज के दौरान हुई थी मौत




हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास

तत्कालीन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शिवेन्द्र मिश्रा के अनुसार देवास में डॉ.परवीन खान द्वारा अपंजीकृत रूप से चिकित्सा व्यवसाय करते हुए मेडिकल स्टोर के अंदर अवैधानिक रूप से क्लीनीक का संचालन किया जा रहा था। 3 जून को रूखसार पति शाकिर मोहम्मद निवासी सिल्वर कालोनी देवास की डी.एन.सी. की गई जिसके पश्चात कॉम्पलीकेशन होने से रूखसार पति शाकिर मोहम्मद की उपचार के दौरान 4 जून को जिला चिकित्सालय मृत्यु हुई है।

सीएमएचओ कार्यालय से जांच दल का गठन किया गया है। जॉच दल में जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेन्द्र गुजराती, डॉ अमरीन शेख, डीपीएचएनओ सुनिता सक्सेना द्वारा 6 जून को क्लीनिक का निरीक्षण किया गया, जो बंद पाया गया। डॉ परवीन खान स्त्री रोग एवं चर्मरोग विशेषज्ञ के नाम का बोर्ड लगा पाया गया। उस समय स्वास्थ्य अधिकारियों द्वारा कार्यवाही करते हुए कारण बताओ नोटिस जारी कर सेन्टर पर चस्पा किया गया था।

नोटिस चस्पा के जवाब नही देने पर अधिनियमों के उल्लंघन के तहत मेडिकल संचालक लोकेश गुप्ता और डॉ. परवीन खान के विरुद्ध कार्रवाई हुई। कोतवाली पुलिस ने परवीन खान 38 पति नासीर खान निवासी चाणक्यपुरी हाल मुकाम आनंद नगर और लोकेश गुप्ता पिता मुकेश गुप्ता 32 निवासी मृदुल विहार बालगड को शनिवार को हिरासत में लिया। वही घटना की जांच कर रहे है एसआई दीपक मालवीय ने बताया कि दो दिन की पुलिस रिमांड हमे मिली हैं जिस दौरान आरोपियों ने सख्त पूछताछ की जाएगी।

### वीर रेंगा कोरकू सम्मान समारोह में विद्यार्थियों व युवाओं का सम्मान

**देवास।** बैंक नोट प्रेस स्थित श्रम कल्याण केन्द्र में वीर रेंगा कोरकू सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में कोरकू समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं एवं युवाओं को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि बागली विधायक मुरली भंवरा, भीमसिंह कलम, इंदर सिंह सोलंकी, कुलदीप कलम उपस्थित थे। अतिथियों ने समाजहित में अपने-अपने विचार व्यक्त किए। विधायक भंवरा ने समाज को समय की महत्ता के बारे में बताया।

# छात्र मिलन समारोह में स्मृतियों को जीवित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस श्री कृष्णाजीराव पवार शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में पूर्व छात्रों का मिलन समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम की प्रथम कड़ी में भूतपूर्व विद्यार्थियों का स्वागत महाविद्यालय परिसर के मुख्य द्वार पर एनसीसी कैडेट्स के द्वारा एनसीसी बैंड और पुष्पवर्षा से किया गया। मंच पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अमोलक सिंह सिद्धू, रिटायर्ड डीआईजी (सीआरपीएफ), पूर्व छात्र संगठन के अध्यक्ष दिलीप सिंह जाधव तथा प्राचार्य डॉ. आर.एस. अनारे उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि व आमंत्रित भूतपूर्व विद्यार्थियों का स्वागत मनीष पारिक जनभागीदारी अध्यक्ष द्वारा भाषण से किया गया। स्वागत भाषण के बाद दिलीपसिंह जाधव द्वारा उपस्थित भूतपूर्व विद्यार्थियों को महाविद्यालय के विकास में सहयोग करने की शपथ दिलाई गई। इस समागम में महाविद्यालय के अध्ययनरत रहे लगभग तीन पीढ़ियों के भूतपूर्व विद्यार्थी सम्मिलित हुए जिनका समय काल लगभग 1956 लेकर वर्तमान तक है। अमोलक सिद्धू, दिलीपसिंह जाधव, मोहन वर्मा, प्रयास गौतम, ओम जोशी, गोपालजी जोशी, हेमंत , गुरचरण सलूजा, किशोर दुबे, साधना काले, देवेंद्र पंडित, मांगीलाल, हेमन्त निगम, अजीत भल्ला, अनिल सिकरवार, डॉ. सीमा सोनी, संग्रामसिंह साठे, भरतसिंह चौधरी, मिलिंद भैया, योगेश रघुवंशी, महेश सोनी, जैसे अनेकानेक सम्माननीय भूतपूर्व विद्यार्थियों ने अपने-अपने शब्दों में अपनी बात अपनी स्मृतियों को पुनः जीवित करते हुए समागृह में रखी। महाविद्यालय में गठित भूतपूर्व विद्यार्थी (एएलयूएमएनआई) समिति ने महाविद्यालय को विश्वास दिलाया है कि वे सभी स्वस्थ सोच के साथ हर पल प्रत्येक स्तर पर महाविद्यालय के विकास व उन्नति में एक साथ कार्य करेगें व सभी प्रयासों में साथ रहेगें। कार्यक्रम का संचालन डॉ. एस.पी.एस. राणा ने किया एवं आभार प्रदर्शन जनभागीदारी समिति सदस्य डॉ. जसमतसिंह यादव ने माना। समन्वय का कार्य डॉ. संजय गाडगे, डॉ. आर. के. मराठा, डॉ. रश्मि ठाकुर एवं संग्रामसिंह साठे ने किया।

# ग्राम पंचायत नयापुरा में सीडबॉल से किया पौधरोपण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ चापडा

कलेक्टर ऋषव गुप्ता के मार्गदर्शन में जिले की शालाओं में सीडबॉल से पौधरोपण अभियान चलाया जा रहा है।

प्रकृति के संरक्षण के लिए सीडबॉल से पौधरोपण रूपी अभियान देवास विकासखण्ड की शालाओं के साथ जिले में महाअभियान का रूप ले चुका है। जिले के प्राथमिक/माध्यमिक शालाओं में दस लाख एवं हाईस्कूल/हायर सेकंडरी स्कूलों में पांच लाख सीडबाल बनाने का लक्ष्य रखा गया है।

लक्ष्य के अनुरूप जिले की समस्त शालाओं में उत्साह के साथ विद्यार्थियों एवं शिक्षकों द्वारा सीडबॉल बनाई गई। सीडबॉल बनाने में मुख्य रूप से काली मिट्टी, उपलब्धता अनुसार जैविक खाद, बच्चों एवं शिक्षकों द्वारा एकत्रित बीज एवं अखबारी कागज का उपयोग किया गया। रविवार को ग्राम पंचायत नयापुरा में पुर्व जनपद अध्यक्ष निर्मला हुकम कंठाली कि उपस्थित में स्कूल शिक्षक एवं बच्चों द्वारा कलेक्टर द्वारा बताई गई पद्धति से पौधरोपण के लिए मिट्टी के गोले बनाकर नक्षत्र वाटिका में पौधरोपण किया गया।

ग्राम छतरपुरा में सरपंच निर्मला जवाहर पाटीदार कि उपस्थित में स्कूली बच्चों के साथ गांव के मार्गो के दोनों और सीड बाल डाल कर पौधरोपण किया गया।

# धूमधाम से निकाली गई भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा, समाजजन हुए शामिल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास

अखिल भारतीय चंद्रवंशीय क्षत्रिय खाती समाज के तत्वावधान में भगवान जगदीश की भव्य रथ यात्रा रविवार को प्रातः 8 बजे महाआरती के पश्चात परिणय वाटिका भोपाल चौराहा से प्रारंभ हुई। शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुए यात्रा ने उज्जैन की ओर प्रस्थान किया। देवास और उज्जैन में रथ यात्रा बड़े धूमधाम से निकाली जाती है। हर साल आषाढ़ मास की शुक्ल पक्ष की द्वितीया को भगवान जगन्नाथ अपने भक्तों से मिलने के लिए मंदिर से बाहर निकलते हैं। उज्जैन अखिल भारतीय चंद्रवंशी खाती समाज के तत्वाधान में भी इस दौरान भव्य आयोजन किया जाता है। इसी दिन देवास में भी भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा भोपाल चौराहे से होते हुए शहर के प्रमुख मार्ग से यात्रा सम्पन्न हुई। यात्रा का समापन उज्जैन चौराहे पर हुआ। भगवान जगन्नाथ रथ पर सवार हुए रथ यात्रा का अनेक सामाजिक संगठन एवं राजनीतिक संगठनों ने रथ पर सवान भगवान जगदीश की पूजा अर्चना करते हुए यात्रा का स्वागत पुष्पवर्षा, फलाहार एवं भगवा दुपट्टा ओढाकर किया। यात्रा में बडी संख्या में खाती समाजजन के साथ अन्य समाज के भक्तजन शामिल हुए। इस अवसर पर पूर्व खाती समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोहर मंडलोई, हाटपीपल्या विधानसभा विधायक मनोज चौधरी, नारायण सिंह चौधरी, बहादुर मुकाती, विक्रम मुकाती, खाती समाज के राष्ट्रीय महामंत्री धर्मेंद्र चौधरी राजोदा, खाती समाज युवा संगठन जिला अध्यक्ष लड्डूमल चौधरी, सिद्धनाथ कलमोदिया, अशोक वर्मा, रामचरण पटेल, नरेंद्र मुकाती, विक्रम पार्षद, महेंद्र पहलवान, धर्मेन्द्र पहलवान, राजू अकेला, प्रदीप चौधरी, अर्जुन चौधरी, राजेंद्र पटेल, कमल मुकाती, संदीप कैलाश फौजी चौधरी राजोदा, गणेश पटेल पार्षद, गोपाल धनोरा, जगदीश चौधरी सिरोलिया, बलराम चौधरी, राजू अकेला, कुलदीप पटेल, विष्णु डॉक्टर, डॉ कमल पटेल, कृष्णा मुकाती, राहुल गरीब किसान, राजेंद्र पटेल, सचिन पटेल, संदीप पटेल, विजेंद्र पटेल, कमल चंद्रवंशी, बलराम पटेल, गोपाल धनोरा सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे। उक्त जानकारी अखिल भारतीय चंद्रवंशी खाती समाज युवा संगठन जिलाध्यक्ष लड्डूमल चौधरी ने दी।



### विधायक पवार ने मंदिरों में पूजन-अर्चन कर अर्पित किए आमंत्रण पत्र

# रावतपुरा सरकार के सानिध्य में चातुर्मास में होंगे व्रत-अनुष्ठान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास

शहर में चातुर्मास के दौरान धर्म-अध्यात्म की गंगा बहाने विशेष धार्मिक आयोजन होगा। आयोजन अंतर्गत विख्यात प्रवचनकारों के प्रवचन होंगे। संत रविशंकर महाराज रावतपुरा सरकार का सानिध्य, आशीर्वाद भी शहरवासियों को प्राप्त होगा। आयोजन को लेकर तैयारी अंतिम चरणों में चल रही है। चातुर्मास में धार्मिक अनुष्ठान का यह आयोजन विधायक गायत्री राजे पवार द्वारा किया जा रहा है। संपूर्ण आयोजन विधायक निवासआनंद भवन पैलेस पर होगा। आयोजन को लेकर शनिवार को विधायक पवार ने शहर के सभी प्रमुख मंदिरों में आमंत्रण पत्र अर्पित किए और आयोजन की सफलता के लिए भगवान से प्रार्थना की। सर्वप्रथम नागदा स्थित श्री सिद्धि विनायक गणेश मंदिर में भगवान श्रीगणेश के चरणों में आमंत्रण पत्र अर्पित किया, जिसके बाद खेड़ापति हनुमान मंदिर, कालोनी बाग में गुरु महाराज, पुराना राजबाड़ा स्थित देवघर मंदिर में आमंत्रण पत्र अर्पित किए गए। माता टेकरी पर मां चामुंडा व मां तुलजा भवानी को आमंत्रण पत्र अर्पित कर आयोजन की सफलता के लिए प्रार्थना की गई। साथ ही उज्जैन स्थित महाकालेश्वर मंदिर में बाबा महाकाल को आमंत्रण पत्र अर्पित कर आमंत्रित किया गया। विधायक पवार के साथ महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल, सभापति रवि जैन, विधायक प्रतिनिधि भरत चौधरी, एमआईसी सदस्य गणेश पटेल, धर्मेंद्रसिंह बैस, यशवंतसिंह राजोदा आदि उपस्थित थे।विधायक व महापौर प्रतिनिधि अग्रवाल ने बताया, कि चातुर्मास में 17 जुलाई से 17 सितंबर तक विशेष अनुष्ठान होंगे। प्रतिदिन सुबह आठ व शाम सात बजे प्रार्थना होगी। पूजन, यज्ञ, हवन अनुष्ठान प्रतिदिन सुबह 10 बजे से होंगे। रात्रि 9 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा।चातुर्मास के अंतर्गत 21 जुलाई को गुरु पूर्णिमा महोत्सव संत शिरोमणि रविशंकर महाराज रावतपुरा सरकार के सानिध्य में होगा। आयोजन में 22 से 30 जुलाई तक प्रतिदिन दोपहर 1 से शाम 5 बजे तक उज्जैन के सुलभ शांतु महाराज श्रीराम कथा करेंगे। 31 जुलाई से 6 अगस्त तक प्रतिदिन दोपहर 1 से शाम 5 बजे तक उज्जैन के संत नारायण प्रसाद ओझा श्रीमद भागवत कथा का वाचन करेंगे। 7 अगस्त से 13 अगस्त तक दोपहर 1 से शाम 5 बजे तक श्री नर्मदा पुराण कथा का वाचन मानसपुत्री साध्वी पुष्पांजलि दीदी वृंदावन द्वारा किया जाएगा। वही 14 अगस्त से 22 अगस्त तक प्रतिदिन दोपहर 1 से शाम 5 बजे तक शिव महापुराण कथा आचार्य देवराज शर्मा इंदौर करेंगे। 23 अगस्त से 29 अगस्त तक प्रतिदिन दोपहर 1 से शाम 5 बजे तक श्रीमद भागवत कथा का वाचन सुगनाबाई सा विदिशा द्वारा किया जाएगा। 30 अगस्त से 5 सितंबर तक प्रतिदिन दोपहर 1 से शाम 5 बजे तक श्रीमद कथा का वाचन पं. मोहित नागर आगर द्वारा किया जाएगा। 6 सितंबर से 14 सितंबर तक प्रतिदिन दोपहर 1 से शाम 5 बजे तक श्री देवी भागवत कथा का वाचन पं. अनिल शर्मा गुरुजी आसेर वाले द्वारा किया जाएगा।



# पौधरोपण कर मनाया गया अंतरराष्ट्रीय सहकारी दिवस



हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित देवास और उपयुक्त सहकारिता कार्यालय में उपयुक्त सहकारिता परमानंद, मुख्य कार्यपालन अधिकारी पीएस पुरी, अधिकारियों और सहकारी विभाग के अधिकारियों के द्वारा पौधरोपण कर अंतरराष्ट्रीय सहकारी दिवस मनाया। सहकारी दिवस पर जिले की सभी सहकारी समितियां में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया था। राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देवास जिले की सभी सहकारी संस्थाओं में कृषक सदस्यों को दिखाया गया। सहकारिता विभाग जिला देवास के तीन संस्था प्रबंधकों को इस अवसर पर भोपाल में सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग द्वारा विशिष्ट उपलब्धियां के लिए पुरस्कृत किया गया। बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि सहकारी साख संस्था मर्यादित बरोठा, देवली और सोनकच्छ के संस्था प्रबंधकों को किसान संगठन के निर्माण और विकसित करने के लिए भोपाल में आमंत्रित कर पुरस्कृत किया गया।

## खबर संक्षेप

### कलश यात्रा का जगह जगह किया स्वागत



**आष्टा।** संत नामदेव समाज द्वारा मीरपुरा स्तिथ मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर आज प्रमुख मार्गो से कलश यात्रा निकाली गई।यात्रा का हिंदू उत्सव समिति अलीपुर द्वारा भव्य स्वागत सभी समिति के लोगो को साफा पहनाकर व पुष्प वर्षा कर किया गया।इस अवसर पर समाज सेवी भजन गायक घनश्याम जांगड़ा,हिंदू उत्सव समिति के नव नियुक्त अध्यक्ष आशु शर्मा,बाबू पांचाल,रवि पंड्या,चंदन सेन,राजा मालवीय,ललित बैरागी,सुनील शर्मा,सहित क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

### व्यसनमुक्त जीवन जिएं विमलसेवा दास स्वामी



**आष्टा।** भारतीय संस्कृति में नामकरण के पीछे भी अध्यात्म और श्रद्धा का ध्यान रखा जाता है। दिवंगत जमना बाई सचमुच ही पुण्य सलिला यमुना के भांति ही होंगी। जिन्होंने कृष्ण भक्ति और स्वामीनारायण सम्प्रदाय की शिक्षाओं को आत्मसात कर परिवार को धर्मानुरागी और आत्मनिर्भर बनाया। उनके देहावसान से निश्चित ही उनकी कमी अनुभव में आएगी। एक मां के रूप में उनके दिए हुए संस्कारों को आगे बढ़ाना ही सभी परिजनों का कर्त्तव्य होना चाहिए। यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। स्वामी नारायण सम्प्रदाय व्यसन मुक्त जीवन और वैष्णव भक्ति धर्म के लिए जाना जाता है। शाकाहार और संयम ही इसके अनुयायियों की पहचान है। सभी लोग भक्ति मार्ग पर चल कर जीवन को सफल बनाए। यह बातें नगर में पधारे स्वामी नारायण सम्प्रदाय के साधु विमलसेवा दास स्वामी तथा साधु निर्माण चरित्र स्वामी ने कुशवाह समाज के अग्रणी भक्तिलाल कुशवाह की दिवंगत पत्नी जमना बाई कुशवाह को श्रद्धांजलि के दौरान कहीं।

### मुनि प्रमाण सागर महाराज और निर्वेश सागर महाराज ने दिए आशीष वचन

# भक्त बनने का अहंकार नहीं, अहंकार को समाप्त करने का प्रयास करें: मुनिश्री

मुनिश्री प्रमाण सागर महाराज का ससंघ हुआ मंगल प्रवेश, जगह -जगह पादप्रक्षालन किया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



व्यक्ति को भक्त बनने का अहंकार नहीं करना चाहिए,अहंकार को समाप्त करने का प्रयास करें,आष्टा की समाज में गुरु भक्ति कूट -कूट कर भरी है। धर्म से जो आत्म शांति मिलती है वह दुनिया में कहीं नहीं मिलती है। पार्श्वनाथ भगवान पर दस भव तक भयंकर उपसर्ग आएं, उन्होंने कोई पाप नहीं किए थे, फिर आपके जीवन में दुःख आते हैं तो घबराना नहीं, दुःख का धैर्य पूर्वक सामना करें।धर्म करने से विपत्तियां टलेगी, मुश्किल व बिगड़े काम होंगे।हम अपनी कमी को स्वीकार नहीं करते, जिसके कारण जिंदगी में दुःख आता है। जो संयम की राह चलेगा उसका जीवन हीरा मय होगा। तपस्या से निश्चित जीवन में आनंद आता है। तप आने से रत्नात्रय में बढ़ोत्तरी होती हैं। उक्त बातें नगर के श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर पर शंका समाधान एवं सम्मेद शिखर जी में गुणायतन तीर्थ प्रणेता मुनिश्री प्रमाण सागर महाराज एवं मुनिश्री निर्वेग सागर महाराज ने आशीष वचन देते हुए कहीं।

मुनिश्री के प्रवचन की जानकारी देते हुए समाज के नरेन्द्र गंगवाल ने बताया कि कार्यक्रम के प्रारंभ में संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर महाराज के चित्र का अनावरण पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष कैलाश परमार सहित संरक्षक आदि ने कर श्रीफल भेंटकर आशीर्वाद लिया। मुनिश्री निर्वेग सागर महाराज ने इस अवसर पर कहा कि आष्टा में गुरु की कृपा व आशीर्वाद से पहले चातुर्मास व पंचकल्याणक महोत्सव किया।आप लोगों को हर साल चातुर्मास मिल रहा है।आप लोगों ने श्रद्धा और आस्था से हमारे चातुर्मास में धर्म लाभ लिया था और आचार्य भगवंत विद्यासागर महाराज द्वारा रचित मूक माटी का पूरा अध्ययन कराया था। अपनी कमी सहज स्वीकार करें। हम अपनी कमी को स्वीकार नहीं करते जिसके कारण जिंदगी में दुःख आता है। जो संयम की राह चलेगा उसका जीवन हीरा मय होगा। तपस्या से निश्चित जीवन में आनंद आता है। व्यक्ति के जीवन में तप आने से रत्नात्रय में बढ़ोत्तरी होती है । देव, शास्त्र एवं गुरु का सम्मान तो करते हैं, उसी के साथ घर में बड़े के प्रति विनय और छोटे के प्रति वात्सल्य भाव रखें।विनय के अभाव में कोई महत्व नहीं।विनय बिना पुरुषार्थ बेकार है।जैसा हम देंगे वैसा ही मिलेगा।विनय मोक्ष का मार्ग है। बड़ों की बात कभी न काटे। आप लोगों को बिना मांगे सब-कुछ मिलता है। मुनिश्री प्रमाण सागर महाराज ने कहा कि हम लोग बड़े भाग्यशाली हैं, जो हमें धर्म आराधना करने के साथ ही साधु समागम मिलता है।हम धार्मिक क्रियाओं का बड़ी तन्मयता से करते हैं। कुछ लोग कहते हैं धर्म करने से मिलता क्या है।

मैं कहता हूं कि धर्म से जो मिलता है, वह संसार में कहीं से भी नहीं मिलता है। सच्चे तरीके से धर्म करने पर इमोशन पर कंट्रोल करता है। धर्म से जीवन अवश्य बदलेगा। हमारा लक्ष्य बदलाव, दृष्टि परिवर्तन की होना चाहिए। धर्म करने से पुण्य लाभ, सद्गति की प्राप्ति यह कहते हैं। धर्म आत्म बोध के साथ करें। सच्चे, यथार्थ धर्मी के दर्शन आपमें करना चाहता हूं। चार दृष्टि पर ध्यान देने को कहा। मुनिश्री ने कहा परम्परागत भाव से धर्म व संस्कार करते आ रहे हैं। धर्म की क्रिया बुरी नहीं उद्देश्य बहुत सही है।धर्म करने से विपत्तियां टलेगी, मुश्किल व बिगड़े काम होंगे। हम परेशानी, कष्ट में धर्म की शरण में जाते है। धर्म करने वाले पर विपत्ति आने पर हम उससे दूर हो जाते हैं। धर्मी पर अधिक विपत्तियां आती है। पार्श्वनाथ भगवान पर दस भव तक भयंकर विपत्तियां आई, विपत्ति आने पर घबराएं नहीं। मुनिश्री ने कहा सोना कसोटी पर ही परखा जाता है। वैश्या की नहीं सती की परीक्षा ली जाती है। धर्म हमारे संकटों को टालता नहीं ,हमें संभालता है। विचलित नहीं होने का सामर्थ्य धर्म देता है। व्यक्ति मैं समझ सही होना चाहिए। धर्म करने पर पुण्य मिलेगा,पाप कटेगा यह सोच है उद्देश्य है। पुण्य दिखाई नहीं देता है। पुण्य -पाप की सही समझ नहीं है आपको । पुण्य से लगाव,पाप से डर है।भाव को जगाओगे, तभी धर्म करने से पुण्य बढ़ेगा। ह्रदय में पुण्य कमाने के भाव जगाओं, तभी पुण्यमय बनोगे। बनिये हो सिर्फ कमाने की भाषा जानते हो। पाप काटने के लिए नहीं त्याग करने के लिए धर्म करें । धर्म करने का वास्तविक उद्देश्य मन को शुद्ध करने। जीवन के यथार्थ को पहचानने का प्रयास करें। अपनी पहचान बनाने के लिए बहुत लोग धर्म का उपयोग कर रहे हैं। अपनी आत्मा को पहचान कर धर्म करें। अपनी चेतना को जगाएं। धर्म के मर्म को समझ कर धर्म धारण करें। अपने अंदर परिवर्तन का लक्ष्य, उद्देश्य रखें। मुनिश्री प्रमाण सागर महाराज ने कहा आष्टा में तीसरी बार आया हूं और मंच पर आसीन निर्वेग सागर महाराज सहित हम तीनों महाराज तीन बार आष्टा आ गए हैं। आष्टा का नाम आस्था ही है । अंतरंग से जुड़े, सोने में सुहागा होगा। इनपुट आउटपुट का ध्यान आप रखते हैं उसे अंतरंग में देखने का प्रयास करें। आत्मा के कल्याण की भावना जगाएं।

#### मुनि प्रमाण सागर की किलेरामा में हुई पाद प्रक्षालन

आचार्य विद्यासागर महाराज के शिष्य मुनि प्रमाण सागर महाराज, मुनि निर्वेग सागर महाराज तथा मुनि सन्धान सागर महाराज का ससंघ शनिवार को नगर में मंगल प्रवेश हुआ । जगह-जगह आपका पादप्रक्षालन किया गया। इसके पूर्व नपाध्यक्ष कैलाश परमार ने अपने साथियों सहित ग्राम किलेरामा में मुनि श्री का पाद प्रक्षालन किया। आचार्य गुरुवर विद्यासागर के शिष्य मुनि प्रमाण सागरजी का संघ सहित इंदौर की ओर पद विहार चल रहा है। जहां उनका वर्षाकालीन चातुर्मास होगा। मुनि संघ के विहार का लाभ विहार पथ में पढ़ने वाले नगर और ग्राम वासियों को भी मिल रहा है। जैन संतों की कठोर तपस्या, आहारचर्या और त्याग व्रत से सधी कठिन जीवन शैली सभी जैन जैनेतर श्रावक-श्राविकाओं को आश्चर्य चकित कर देती है। मुनि श्री के चरण प्रक्षालन का लाभ जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष प्रदीप प्रगति, समाजसेवी अजित जैन आस्था, दिगम्बर जैन समाज के पूर्वाध्यक्ष यतेंद्र श्रीमोड़, मधुसूदन परमार, श्रीराम परमार, लक्ष्मीनारायण परमार, एडवोकेट सुरेंद्र परमार, वीरेंद्र परमार, लोकेंद्र परमार ने भी लिया।

# भ्रष्टाचार के खिलाफ होगा धरना प्रदर्शन

### पूर्व नपा अध्यक्ष वैद्य देंगे धरना



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



नगर परिषद जावर में नेवज नदी के नाम पर करोड़ों रुपए का भ्रष्टाचार करने वाले जिम्मेदार अधिकारी और परिषद पर कार्रवाई करवाने, प्रधानमंत्री आवास के हितग्राहियों की पहली और दूसरी किस्त डालने, जावर नगर का नया थाना भवन और स्टाफ क्वार्टर नया बनाने के लिए, वार्ड क्रमांक 6 में पुराने रास्ते पर कैलाश ठाकुर की जमीन से होते हुए मंडी रोड तक अतिक्रमण हटवाने के लिए, वार्ड तीन में रविदास घाट बनाने के लिए, वार्ड 4 और 15 ईदगाह पर स्वीकृत टीन शेड लगवाने, वार्ड क्रमांक 8 और 9 में पुलिया का व्यवस्थित निर्माण करवाने, वार्ड क्रमांक 2 में कजलास रोड पर मालीपुर पुलिया से नाले के साइड मालीपुर वार्ड तक बाउंड्री बनवाने, तथा छोटी-छोटी गुमती एवं फेरी वालों को बार-बार परेशान करने के संबंध में और अन्य जन समस्याओं को लेकर मुख्य बाजार गांधी चौक जावर पर 8 जुलाई सुबह 11 बजे मुख्य बाजार गांधी चौक पर अनिश्चितकालीन धरना नगर परिषद के पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष शैलेश कुमार वैद्य के नेतृत्व में प्रारंभ किया जाएगा। पूर्व नपा अध्यक्ष वैद्य ने नागरिकों से आह्वान किया है कि वह उनके सभी कार्यों के लिए भी मिलने आ सकते हैं। धरने के साथ-साथ जनता की समस्याओं को भी सुनने का कार्य करेंगे।अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का कष्ट करें।

### ग्राम पंचायत खाचरोद में लगाए पौधे



**खाचरोद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए देशव्यापी अभियान एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत खाचरोद में सरपंच शंकर पटेल जाट द्वारा अपनी मां प्रेम बाई के साथ ग्राम के स्कूल श्मशान घाट व पंचायत भवन से बस स्टैंड तक दोनों तरफ रोड पर पौधरोपण किया गया जिसमें बादाम के पौधे रोपे गए। वही शमशान घाट में शीशम, नीम, बड़, जामुन के पौधरोपण किया गया। वहीं शनिवार को ग्राम में 50 पौधे रोप गए। जिसमें टी गार्ड लगाई गई वही पूरे गांव में 250 पौधे लगाने की शुरुआत की गई। इस मौके पर सरपंच शंकर पटेल जाट, जनपद प्रतिनिधि सोनू गुणवान, सचिव लखन वर्मा, रोजगार सहायक सुनील जाट, भुजराम जाट, छगन जाट, लक्ष्मण जाट, राधेश्याम जाट, भरोस जाट, मनोहर मालवी, रतन मालवी ,फूल सिंह पेरवाल, रोहित, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता आरती जाट व ग्राम वासी उपस्थित थे।

# ग्रामीण क्षेत्रों में लगाए गए एंटीरेबीज टीकाकरण शिविर, कुत्ते और बिल्लियों को लगाए टीके

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा




शनिवार को क्षेत्रीय विधायक गोपालसिंह इंजीनियर की अध्यक्षता में पशु चिकित्सालय आष्टा के प्रांगण में विश्व जूनोसिस दिवस के शुभ अवसर पर इण्डियन इम्यूनोलॉजिकल लिमिटेड कम्पनी के सौजन्य से निःशुल्क एंटीरेबिज टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें आष्टा शहर और ग्रामीण क्षेत्र से लगभग 112 डॉग्स और 28 केट्स का टीकाकरण किया गया। रेबीज बीमारी पशुओं में और मनुष्यों में होने वाली खतरनाक बीमारी है।

जिसका उपचार सही समय पर केवल टीकाकरण ही एकमात्र है। इसलिए शहर और ग्रामीण के डॉग्स के साथ केट्स के टीकाकरण से इस बीमारी से निजात मिल सकें। शिविर में विधायक द्वारा पशुपालन विभाग की नवीन एवं सुव्यवस्थित सर्वसुविधा युक्त पशु चिकित्सालय बनाने की मांग को स्वीकार कर बनाने का आश्वासन दिया गया हैं। शिविर में विधायक जी द्वारा वृक्षारोपण कार्य सम्पन्न किया और क्षेत्र की जनता से अनुरोध किया कि बेसहारा एवं अशक्त पशुओं की सेवा और संरक्षित करें। गोशालाओं में भी गायों के टीकाकरण करने के विभाग को निर्देश दिए गए। शिविर में विशेष रूप से - न.पा. अध्यक्ष हेमकुंवर रायसिंह मेवाड़ा उपस्थित होकर पशुओं के सुरक्षा हेतु सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया। समाजसेवी पशुप्रेमी डॉ.सुरूचि सिंह द्वारा शिविर में पूर्ण सहयोग किया और आवारा एवं बेसहारा 35 डॉग्स को एकत्रित कर शिविर में टीकाकरण करवाया। शिविर का क्रियान्वयन डॉ.उदयसिंह माहेश्वरी जी द्वारा किया गया एवं डॉ.विनोद शुक्ला डॉ.शुभकरण उमरावसिंह पी.एम. विश्वकर्मा रामपाल अशोक दीपू मनोज रमेश सुनील आदि ने सहयोग प्रदान किया। इण्डियन इम्यूनोलॉजिकल लिमिटेड कम्पनी के प्रतिनिधि जाहिद सलाम एवं वीरेन्द्र साहू उपस्थित रहें। अंत में शिविर में पधारे मुख्य अतिथि विशेष अतिथि आदि सभी का आभार डॉ.उदयसिंह जी माहेश्वरी ने व्यक्त किया।

# एक पेड़ मां के नाम अभियान की हुई शुरुआत





हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

एक पेड़ मां के नाम और श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती का कार्यक्रम ग्राम खड़ी हाट में आयोजित किया गया।

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खड़ी के प्रांगण में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर, भाजपा के जिला महामंत्री और मां के नाम एक पेड़ कार्यक्रम के जिला प्रभारी धारा सिंह पटेल, पूर्व मंडी अध्यक्ष धर्म सिंह आर्य, मेना मंडल के महामंत्री विष्णु परमार, कमल सिंह ठाकुर कुरावर, महेंद्र सिंह ठाकुर उपस्थित रहे। विधायक ने सभी नागरिकों से आग्रह किया कि पर्यावरण को हरा भरा करने के लिए हर व्यक्ति को एक पेड़ जरूर लगाना चाहिए और उसकी सुरक्षा भी करना चाहिए। विधायक ने विद्यालय परिसर में पौधे लगाए कार्यक्रम ग्राम पंचायत द्वारा आयोजित किया गया। जिसमें सभी पंचों ने एक-एक पेड़ लगाने की बात कही। कार्यक्रम को ग्राम पंचायत के सरपंच मनोहर सिंह पटेल ने विद्यालय परिसर में 300 पौधे लगवाकर प्रारम्भ किया। 1100 पौधे लगाने का लक्ष्य रखा है। ग्राम पंचायत द्वारा पिछले वर्ष 200 पौधे लगाए गए थे जिसमें सभी के सभी पौधे जीवित हैं।

आयोजित हुए कार्यक्रम में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खड़ी के समस्त स्टाफ द्वारा एक-एक पौधा व टी गार्ड लगाने की घोषणा की गई। इस अवसर पर शाला के प्राचार्य कमल सिंह मालवीय, भादर सिंह ठाकुर, राजेंद्र सिंह तोमर, अलका सोनी, महेंद्र सिंह तोमर, लखन लाल जोमर, सतीश वर्मा, देवकरण प्रजापति, उप सरपंच नारायण सिंह कलाकार, ऊकार प्रसाद कंडक्टर गोपाल सिंह ठाकुर, गजराज सिंह पटेल, मुकेश पंच अरविंद पंच, सज्जन सिंह, हुकुम राणा और सभी स्टाफ गांव के सभी वरिष्ठ जन एवं छात्र-छात्राएं कार्यक्रम में उपस्थित रहे कार्यक्रम का सफल संचालन सीताराम वर्मा के द्वारा किया गया कमल सिंह मालवीय प्राचार्य महोदय द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

### आष्टा प्रेस क्लब का साहू मैरीज गार्डन में वार्षिक सम्मान समारोह हुआ आयोजित

# कलेक्टर, विधायक ने सकारात्मक भूमिका निभाने वालों का किया सम्मान








हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

आष्टा प्रेस क्लब ने नगर के सेमनरी रोड स्थित साहू गार्डन परिसर में कलेक्टर प्रवीण सिंह के मुख्य आतिथ्य, विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर की अध्यक्षता व एसडीओपी आकाश अमलकर, रायसिंह मेवाड़ा, दीक्षा सोनू गुणवान,कैलाश परमार, डॉ मीना सिंगी, राकेश सुराणा, धारासिंह पटेल, सीएमओ राजेश सक्सेना के विशेष आतिथ्य में वार्षिक सम्मान समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ कलेक्टर प्रवीण सिंह ने किया। इसके बाद प्रेस क्लब के वार्षिक सम्मेलन को संबोधित करते हुए कलेक्टर प्रवीण सिंह ने कहा कि एक समय था जब हम सभी को देश दुनिया में क्या घटना दुर्घटना घटी है या क्या ताजा खबरें है यह केवल एक निश्चित समय पर ही मिल पाती थी। उस वक्त प्रचार और प्रसार के इतने साधन नहीं थे जो आज सोशल मीडिया के रूप में इस देश में उपलब्ध है। पहले प्रिंट मीडिया के माध्यम से सुबह जब समाचार पत्र आते थे तो देश-विदेश की खबरें,स्थानीय खबरे हमको मिलती थी। आज सोशल मीडिया इतना एक्टिव मीडिया है की 5 मिनट में देश-विदेश की जो घटना दुर्घटनाएं घटती है वह सोशल मीडिया के माध्यम से पूरे देश में प्रचार और प्रचार हो जाती है। यही कारण है कि आज मीडिया का भी रूप बदला है । श्री प्रवीण सिंह ने प्रेस की तारीफ करते हुए उसके सकारात्मक नजरिये की आज खुले मंच से प्रशंसा की । उन्होंने कहा कि समय-समय पर प्रेस एक और जहां हम लोगों की अच्छाइयां भी बताती है वहीं कई बार हम लोगों में भी कुछ कमियां होती है उन कमियों को भी उजागर किया जाता है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गोपाल सिंह इंजीनियर ने कहा कि आष्टा के पत्रकारों ने जब में विधायक बना तब मेरे समक्ष एक मांग रखी थी की आष्टा में पत्रकार साथियों के लिए एक पत्रकार भवन की आवश्यकता है । तभी मेने आष्टा के पत्रकारों के लिए पत्रकार भवन को लेकर 5 लाख रुपये की राशि की घोषणा कर दी है। जमीन उपलब्ध होते ही उस पर निर्माण कार्य भी शुरू हो जाएगा । वही कार्यक्रम को पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष कैलाश परमार, डॉ मीना सिंगी,जनपद अध्यक्ष दीक्षा सोनू गुणवान, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश सुराणा आदि ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में स्वागत भाषण पंडित अमित तिवारी ने व संचालन संजीव दीक्षित ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कलेक्टर प्रवीण सिंह का व सभी अतिथियों का आष्टा प्रेस क्लब के अध्यक्ष बाबू पांचाल व पदाधिकारीयो ने प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मान किया। इस अवसर पर सभी अतिथियों के हाथों आष्टा नगर के वरिष्ठ पत्रकारों, शिक्षण संस्थानों के संचालकों और सामाजिक क्षेत्र में काम करने वाले समाजसेवियों का स्वागत एवं सम्मान पत्र भेंट कर उनका सम्मान किया गया । इस अवसर पर आष्टा अनुविभाग के सभी पत्रकार बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### वार्ड 16 के पोलिंग बूथ पर मनाई जयंती

**आष्टा।** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती वार्ड नंबर 16 पोलिंग नम्बर 163 पर मनाई गई। जिसमे विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने अपने उद्बोधन में कहा कि जनसंघ और भारतीय जनता पार्टी वरिष्ठ नेता करोड़ों कार्यकर्ताओ के आदर्श और मार्गदर्शक है डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी जिन्होने अपने प्राणों को देश की अखंडता संप्रभुता के लिए न्यौछावर कर दिए। कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी और अटक से लेकर कटक तक सम्पूर्ण भारत में एक संविधान, एक प्रधान और एक निशान होना चाहिए वो सपना साकार करने के प्रयास हो रहे है। नपाअध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, दिनेश राणा, तोश नारायण भूतिया, सर्वेश पांडे,वीरेंद्र सिंह ठाकुर, नरेंद्र सिंह ठाकुर ,ललित धारवां जितेन्द्र सिंह ठाकुर, कृष्णपाल ठाकुर, धर्मेन्द्र सिंह, वैभव मेवाड़ा नीलेश कुमार अजय वर्मा सहितभारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारीगण, सम्मानित कार्यकर्तागण एवं देवतुल्य आशीर्वाददातागण उपस्थित रहे।

# रोजगार के लिए निजी कंपनी के साथ मिलकर खोलेंगे कौशल विकास केंद्र : मंत्री टेटवाल

## कौशल विकास मंत्री ने गिनाईं 124 दिनों की उपलधियां, सारंगपुर में खुलेगा शासकीय आईटीआई, टांटिया मामा की लगेगी प्रतिमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

सारंगपुर विधानसभा क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधा, रोजगार एवं मूलभूत सुविधा के लिए धन की कमी नहीं होगी। सारंगपुर की कालीसिंध नदी में नगर का गंदा पानी बाहर करने के लिए योजना की स्वीकृति कराई गई है।

इसी के साथ पचोर सारंगपुर अस्पतालों में बहातर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए संपूर्ण प्रयास जारी हैं। अन्य उप स्वास्थ्य केंद्रों को भी डॉक्टरों की पूर्ति की गई है। इसी के साथ नगर से निकलने वाले पुराने एबी रोड़ का शीघ्र ही चौड़ीकरण एवं सौंदर्य करण के कार्य के साथ कपिलेश्वर लोक सहित टंट्या मामा की प्रतिमा लगाने के साथ ही दो हजार लोगों को ठहराने के लिए सामुदायिक भवन का निर्माण भी कराया जाएगा। यह बात कौशल विकास स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री स्थानीय विधायक गौतम टेटवाल ने प्रेस वार्ता में बताई।

### निजी कंपनियों के साथ मिलकर खोले जाएंगे कौशल विकास केंद्र

कौशल विकास स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री स्थानीय विधायक गौतम टेटवाल ने युवा पीढ़ी के भविष्य एवं स्वावलंबी भारत की बुनियाद को ध्यान में रखते हुए लिए शासकीय आईटीआई के साथ ही निजी कंपनियों के माध्यम से प्रशिक्षण केंद्र खोले जाएंगे। इसी के साथ ही बुनकरों के लिए भी कौशल विकास के माध्यम से गति दी जाएगी।



### फसलों के अनुसार डाली जाएंगी प्रोसेसिंग यूनिट

*क्षेत्र में कृषि उद्यानिकी को लेकर बड़े स्तर पर योजना बनाई जा रही है। सारंगपुर का संतरा, सीताफल, जामफल सहित अन्य कृषि फसलों की योजना अनुसार यूनिट स्थापित की जायेगी। नगर के विकास में किसी भी प्रकार से धन की कोई कमी न होगी। विधानसभा क्षेत्र का सर्वांगीण विकास ही मेरा लक्ष्य हे उक्त बात जन संपर्क विभाग द्वारा आयोजित बैठक के दौरान सारंगपुर के निजी होटल में कौशल विकास स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री स्थानीय विधायक गौतम टेटवाल ने प्रेस वार्ता में कहीं।*

### एक पौधा अपनी मां के नाम जरूर लगाएं

*उन्होंने अपने 124 दिन के कार्यकाल की उपलब्धी गिनाते हुए मीडिया से अपेक्षा करते हुए कहा की एक पौधा अपनी मां के नाम लगाएं और वसुंधरा को सजाने में अपनी अहम भूमिका निभाएं। इसके पूर्व उन्होंने गौ माता की रक्षा के लिए मध्य प्रदेश शासन द्वारा उठाए गए कदम के साथ ही मीडिया के माध्यम से जनता से अपील की है की गौ माता को गौशाला में भेजें। साथ ही घायल अवस्था में गौ माता का सुचारू रूप से उपचार कराते हुए पशु चिकित्सालय में उपचार कराए।*

## पानी निकासी की नहीं है व्यवस्था

# आधे घंटे की बारिश से मचा हाहाकार, दुकानों में घुसा पानी




नालियां पड़ी हैं बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरावर

शुक्रवार शाम नगर में करीब 7 बजे के आसपास हुई आधे घंटे की बारिश से हाहाकार मच गया। मुख्य बाजार की दुकानों में पानी घुसने से लगा। लोग दुकानों का सामान उठाकर ऊंचे स्थानों पर रखने लगे। पानी भराव का कारण मेन मार्केट के पास स्थित पुलिया की दोनों और बनी नालियों को नगर पालिका के इंजीनियरों द्वारा बंद करा दिया था। जबकि वर्षों से ही उक्त स्थान से दोनों नालियों का पानी वहीं से निकलता था। लेकिन असरदार लोगों ने अपने के लिए फायदे ऊंचे स्तर पर शिकवा शिकायत कर पुलिया को पूर्ण रूप से बंद करा दी जिसका खामिया स्थानीय लोगों को भोगना पड़ा। जब पानी घुसने की खबर नगर परिषद के अमले को लगी तो जेसेबी के माध्यम से उक्त पुलिया को पुन खुलवाया गया। गंभीर समस्या को देखते हुए वार्ड 07 के पार्षद राजू मीणा एवं वार्ड 13 के पार्षद अनिल दरबार ने भी मौके पर पहुंचकर बरसते पानी में पुलिया को खुलवाने में सहयोग किया। तब जाकर बाजार में भरा पानी निकला गया। जबकि यहां पदस्थ इंजीनियरों ने भी बिना मौका देख ही पुलिया बंद कर दी जोकि जन चर्चा का विषय बना हुआ है।

# जल भराव की स्थाई समस्या हल करने पहुंचे विधायक मोहन शर्मा

**कुरावर।** शुक्रवार की शाम 6 बजे से हुई लगातार 2 घंटे की बारिश में पिछले कई माह से मुख्य मार्ग पर बने लोक निर्माण विभाग की पुलिया एवं वार्ड क्रमांक 7 में जल भराव की समस्या को लेकर विवाद ग्रस्त स्थिति बनी हुई थी। जिसमें पिछले दिनों वार्ड क्रमांक 7 के रहवासियों ने मुख्य मार्ग पर पुलिया के गेट बंद कर दिए थे। उसके बाद शुक्रवार शाम को नगर के मुख्य मार्ग पर बारिश का पानी इकट्ठा होने लगा जो दुकानों में प्रवेश कर गया।

विधायक मोहन शर्मा ने दूरभाष पर वार्ड क्रमांक 7 के रहवासियों से बात कर पुलिया के गेटों को खुलवाया। रात्रि 9 बजे तक नगर परिषद के सब इंजीनियर अमन मुकदल, नगर परिषद के कर्मचारी कमला प्रसाद चंद्रवंशी, मुकेश चंद्रवंशी, दरोगा संजू वाल्मीकि ,रिंकू वाल्मीकि आदि ने रात्रि 9 बजे तक पुलिया के गेटों को खोलकर मुख्य मार्ग का पानी निकलवाया तब जाकर मुख्य मार्ग के लोगों को राहत मिली। वहीं शनिवार को दोपहर 4 बजे के करीब क्षेत्रीय विधायक मोहन शर्मा मुख्य मार्ग पर बनी लोक निर्माण विभाग की पुलिया को देखने पहुंचे तो वहीं वार्ड क्रमांक 7 के रहवासियों से मिलकर उन्होंने समझने का स्थाई हल खोजने की बात कही। वहीं उन्होंने इस मार्ग पर निजी भू-स्वामी हेमंत अग्रवाल से दूरभाष पर चर्चा कर उनसे आग्रह किया कि लगभग चार-चार फीट की नली दोनों तरफ बन जाए जिससे कि पानी का भराव भविष्य में नहीं हो पाएगा। इस दौरान उनके साथ मुख्य नगर पालिका अधिकारी के.वी. सिंह, पार्षद बद्रीलाल कुशवाहा, राजू मीणा, अनिल दरबार, मनोहर मंडलोई, भूपेंद्र सिंह भदोरिया, जगदीश विश्वकर्मा राकेश मीना, अनोखी लाल गोटिया, प्रेमदास वैष्णव, सुनील सक्सेना संजय सिंह, नगर परिषद के सब इंजीनियर अमन मुकदल, अरुण शर्मा आदि उपस्थित थे।



## प्रबंधक और सहायक कर्मचारी पर धोखाधड़ी करने का लगाया आरोप

**जीरापुर।** गंगा श्री स्वसहायता समूह नाटाराम ने प्रबंधक एवं सहायक कर्मचारी के खिलाफ धोखाधड़ी करने एवं स्व सहायता समूह की 1800 रुपये की राशि वापसी नहीं करने का आरोप लगाया है। नाटाराम निवासी बैजनाथ दांगी ने बताया कि मेरी पत्नी तुलसीबाई सहित गांव की 10 महिलाओं ने जीरापुर के छापीहेड़ा रोड स्थित एचडीएफसी बैंक शाखा के व्यापारी सहायक बैंक सेवा केन्द्र से गंगा श्री स्व सहायता समूह के नाम से 6/12/2019 को 35 हजार का लोन लिया था, जो 18 महीने में बैंक को किस्तों के द्वारा लौटाया गया। बैंक के द्वारा 1550 रुपए की निर्धारित किस्त से 100 रुपये अधिक वसूला गया। जिसका हमारा द्वारा विरोध करने पर बैंक के कर्मचारियों ने बताया कि आपका लोन क्लोज होने के बाद आपको 18 सौ रुपए वापस मिल जाएंगे और बैंक के द्वारा यह भी कहा कि लोन के दौरान अगर किसी महिला की मृत्यु हो जाती है तो उसे बीमा क्लेम दिया जाएगा। लेकिन मेरी पत्नी तुलसी बाई की करीब 1 साल पहले मौत होने के बाद भी आज तक मुझे क्लेम नहीं दिया जा रहा है। बार-बार बैंक का चक्कर लगाकर परेशान हो चुका हूं। अब इनकी शिकायत में राजगढ़ कलेक्टर साहब से करूंगा। जब बैंक के कर्मचारियों से 100 अधिक वसूलें जाने के बारे में पूछा गया तो कर्मचारियों के द्वारा बताया जाता कि वह प्लेंटी में कट गया अब वह 18 सौ रुपए आपको वापस नहीं मिलेंगे। मृतक महिला के पति ने बताया कि हमें कोई उचित जवाब नहीं दिया जा रहा है, जबकि स्व सहायता समूह गरीब वर्ग द्वारा बनाए जाते हैं।

## वार्ड 13 की इस बदहाल सड़क से गुजरते हैं सैकड़ों बाशिंदे

# पूर्व राज्यमंत्री के वार्ड में ही अर्से से बदहाल पड़ी है सड़क

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

राजगढ़ नगर के विभिन्न वार्डों की आंतरिक सड़कें इन दिनों अपनी बदहाली पर आंसू बहा रही हैं। मुख्य मार्ग का आधा हिस्सा तो राहगीरों, वाहन चालकों की परेशानी है ही लेकिन कुछ आंतरिक सड़कें इतनी ज्यादा खराब हो चुकी हैं कि पैदल चलने वालों के साथ ही वाहनों को चलाने में भी खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

एक ऐसी ही आंतरिक सड़क नगर के वार्ड क्रमांक-11 में बैंक ऑफ इंडिया के टर्न से आरंभ होकर तिलक मार्ग, महाराणा प्रताप मार्ग वाली है। उक्त सड़क के समीप ही पूर्व राज्यमंत्री एवं खादी बोर्ड के पूर्व उपाध्यक्ष रघुनंदन शर्मा भी निवास करते हैं जो भाजपा के जिले में वरिष्ठतम जनप्रतिनिधियों में शामिल हैं। इस सड़क का निर्माण पूर्व नपाध्यक्ष प्रेम साहू के समय तत्कालीन पार्षद श्रीमती नामदेव के कार्यकाल में करवाया गया था। तब से लेकर अब तक यह सड़क इतनी अधिक खराब हो चुकी है कि यहां से निकलना तक दुष्वार है। अनेकों जगहों पर लोगों ने अपनी सहुलियत से ब्रेकर बनवा लिए तो अनेकों स्थानों पर पाइप लाइनों के खोदे जाने से पूरा मार्ग खराब हो चुका है।



### प्रतिदिन सैकड़ों लोगों और वाहनों की आवाजाही

इस सड़क से न केवल वार्ड-13 बल्कि वार्ड 11 के भी सैकड़ों लोगों व स्थानीयजनों का आना-जाना लगा रहता है। वार्डवासियों ने स्थानीय पार्षद पांचू दांगी से मांग की है कि प्राथमिकता से सड़क का निर्माण करवाया जाए।

### इनका कहना है...

सड़क का प्रस्ताव तो बना चुका है, अब उस पर आगे की कार्रवाई करवाना है। मैं इसे प्राथमिकता में लेकर सड़क का निर्माण करवाऊंगा।

- **पांचू दांगी,** पार्षद वार्ड-13, राजगढ़

# मेन मार्केट में पशुओं का जमावड़ा, अक्सर हो रही दुर्घटनाएं

## एक सैकड़ा से अधिक मवेशी बने परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

मुख्यालय के मुख्य मार्ग पर गौवंश सहित अन्य पशुओं के जमावड़े से अब अनेकों समस्या पैदा होना शुरू हो गईं हैं। मेन मार्केट की सड़क के किनारे-किनारे ही सब्जी बाजार लगने से पूरे बाजार, चौक-चौराहों पर पूरे दिन पशुओं का जमावड़ा लगा रहता है।

नाका नंबर-3, बैंक ऑफ इंडिया, सोल्डर क्लब, जय स्तंभ चौक, पारायण चौक, गणेशजी की छतरी, शिवजी की छतरी आदि स्थानों पर एक सैकड़ा से अधिक गायें पूरी दिन बैठी एवं विचरती रहती हैं। सब्जियों की दुकानों से निकलने वाले अनुपयोगी अपषिष्ट के कारण ये मवेशी पूरे दिन मेन मार्केट में डेरा जमाए रहते हैं। इससे न केवल यातायात बाधित हो रहा है बल्कि दुर्घटनाएं भी होना शुरू हो गई हैं। नगर पालिका के कर्मचारी इन मवेशियों को मार्केट से भगा देते हैं लेकिन वे कुछ देर बाद पुनः सड़क पर ही आ जाते हैं। मवेशियों को सड़क से बार-बार भगाने से समस्या का स्थाई निदान नहीं हो पा रहा है। गायों के साथ ही कुछ बड़े सांड तो अनेकों बार सडक व चौराहे के बीचो-बीच लड़ते तक देखे गए हैं। लड़ाई के बीच आम राहगीर जैसे-तैसे बचकर निकलने की कोशिश करते नजर आते हैं। रहवासियों ने नगर पालिका परिषद से मांग की है कि इन मवेशियों को गौशाला या अन्यत्र स्थानों पर भिजवा दिया जाए।




## अस्पतालों में पेंडिंग पड़े हैं अनेकों आवेदन

# स्लो चल रहा जन्म पंजीयन पोर्टल बच्चों के स्कूलों के एडमिशन बाधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

इन दिनों विभिन्न निजी एवं शासकीय स्कूलों में बच्चों की प्रवेश प्रक्रिया चल रही है। स्कूलों में बच्चों के प्रवेश के लिए जन्म प्रमाण-पत्र अनिवार्य है लेकिन अस्पतालों में जन्म प्रमाण-पत्र जनरेट एवं सुधार करने वाला पोर्टल ही इन दिनों बहुत धीरे चल रहा है।

जिला अस्पताल में ही करीब 500 से अधिक आवेदन पेंडिंग पड़े हुए हैं जिसके चलते स्कूलों में बच्चों का प्रवेश नहीं हो पा रहा है। जिला अस्पताल के साथ ही ब्यावरा, नरसिंहगढ़ व अन्य अस्पतालों के केद्रों पर भी पोर्टल के बहुत धीमे चलने के कारण लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जिला अस्पताल में जन्म-मृत्यु सिर्टफिकेट केंद्र के कर्मचारी जीतेंद्र सोनगिरा ने बताया कि एक प्रमाण-पत्र में सुधार में ही कमसकम आधा घंटा लग रहा है। ऐसे में बहुत से आवेदन पेंडिंग हो चुके हैं। यह पोर्टल के धीमे चलने के कारण हो रहा है। उधर, स्कूलों ने अभिभावकों से कह दिया है कि जब तक प्रापर बर्थ सर्टिफिकेट नहीं होगा, तब तक एडमिशन नहीं हो पाएंगे। उक्त समस्या के चलते स्कूलों में एडमिशन न होने को कलेक्टर हर्ष दीक्षित ने संज्ञान लिया है।

उन्होंने शिक्षा विभाग को निर्देश प्रसारित किए हैं कि बच्चे को स्कूल में ले लिया जाए। जन्म-प्रमाण पत्र आदि दस्तावेज भले ही कुछ दिन बाद अपडेट करवा लिए जाएं।



## घर में बिजली के तार जोड़ते समय करंट लगने से युवक की मौत

**जीरापुर।** समीपवर्ती ग्राम काल्याखेड़ी में युवक की करंट लगने से मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक युवक अपने घर में बिजली का तार जोड़ रहा था, उसी दौरान उसे करंट लगा। युवक के परिजन उसे घायल अवस्था में सिविल अस्पताल जीरापुर लेकर आए जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित किया। काल्याखेडी गांव निवासी भगवानसिंह पिता पृथ्वी सिंह भिलाला उम्र 40 साल अपने घर में ही बिजली के तार लगा रहा था। करंट लगने से वह मौके पर गिरा। परिजन उस युवक को तुरंत ही सिविल अस्पताल लेकर आए। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित किया दिया। पुलिस ने पीएम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया।

## 40 से ज्यादा युवाओं ने ज्वॉइन की करणी सेना

# बडोदिया तालाब में पंचायतस्तर हुआ करणी सेना परिवार का गठन



**नरसिंहगढ़।** 6 जुलाई को पंचायतस्तर के गठन के लिए करणी सेना परिवार की बैठक तीज बड़ली मंदिर पर रखी गई। जिसमें ठिकाना-बड़ोदिया तालाब में 40 से ज्यादा युवा करणी सेना के सदस्य बने एवं पंचायत अध्यक्ष व ग्राम अध्यक्ष के नियुक्ति पत्र दिए गए। ग्राम पंचायत अध्यक्ष महेंद्र सिंह परिहार को नियुक्त किया गया एवं ग्रामपंचायत उपाध्यक्ष राहुल सिंह चौहान एवं नरेंद्र सिंह सिसोदिया को सचिव नियुक्त किया गया। मीटिंग में अ.भा.क्ष.महासभा के जिलाध्यक्ष मदरूप सिंह सोनगरा एवं छत्रवर्धन सिंह कड़यिाचंद्रावत, मयंक प्रताप सिंह मुवालिया जागीर जिला संयोजक, सुरेंद्र सिंह कड़यिाचंद्रावत तहसील अध्यक्ष, कृष्णपाल सिंह संवासी, जितेंद्र सिंह पालडियाबना, सतपाल सिंह पाडलीठाकुर आदि मौजूद रहे।

## आयोजन : मां के साथ किया पौधारोपण, पर्यावरण बचाने का दिया संदेश

# एक पेड़ मां के नाम जरूर लगाएं पृथ्वी को हरा-भरा बनाएं : अमर सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

खुजनेर नगर परिषद् एवं तहसील कार्यालय के संयुक्त आयोजन में राजगढ़ विधायक अमर सिंह यादव ने अपनी मां के साथ आम का पौधारोपण किया। नगर की तहसील प्रांगण तथा मुक्तिधाम में वृहद पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर विधायक यादव ने सभी से पर्यावरण के संरक्षण हेतु पौधा लगाने तथा उसे पेड़ बनने तक उसकी सुरक्षा करने की बात कही, साथ ही कहा एक पेड़ माँ के नाम अभियान में अधिक से अधिक पौधारोपण करे। शासन द्वारा चलाई जा रहे इस कार्यक्रम के सहभागी बने शासन के निर्देशानुसार एक पेड़ माँ के नाम के अंतर्गत नगरीय क्षेत्र में मांगलिक भवन, मुक्तिधाम, वाटर बॉक्स, ट्रेन्चिंग ग्राउंड, फिल्टर प्लांट, गणेश मंदिर पार्क तथा समस्त शासकीय एवं अशासकीय स्कुलो में पौधारोपण किया जाएगा। यह आयोजन लगातार दो दिन तक 7 एवं 08 जुलाई को भी वृहद पौधारोपण किया जाएगा।

मुख्य नगर पलिका अधिकारी उमेश शर्मा द्वारा नगर के समस्त नागरिको से अपील की अपनी माँ की याद में तथा माँ की उपस्थिति में माँ के साथ पोधा रोपण करे तथा फोटो मेरी लाइफ पोर्टल पर अपलोड करे तथा उस पोधे की तीन वर्ष तक देख रेख करे जिससे वह सुरक्षित रहे। इस अवसर पर तहसीलदार नित्यानंद पाण्डेय, रणधीर सिंह मीना, केदार काका, नपा अध्यक्ष कैलाशी बाई यादव, पूर्व नपा अध्यक्ष पंकज शर्मा, पार्षद कमल यादव, बीरम वर्मा, मुकेश यादव, रामचरण यादव, इलियास मेवाती, निर्मल जाटव, कैलाशनारायण यादव, दिनेश यादव, सचिन यादव, सुरेश यादव, सहित गणमान्य नागरिक समस्त तहसील एवं नगर पालिका कर्मचारी उपस्थित रहे।




## हाई स्कूल में न्यायाधीश और एलएनटी कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर ने किया पौधरोपण




**जीरापुर।** कुंडलिया पेयजल परियोजना अंतर्गत एलएनटी कंपनी द्वारा जिले में 35000 पौधे लगाए जाएंगे। जिले को एक नया आयाम देने का संकल्प लिया पौधारोपण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि न्यायाधीश अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति विनय कुमार तिवारी, न्यायाधीश भुपेन्द्र कुशवाह एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता एलएनटी कम्पनी से प्रोजेक्ट मैनेजर अरुण हर्षा, सेफ्रुद्दीन अहमद, बीईईओ जगदीश चंद्र बैरागी, प्राचार्य राधेश्याम पुरविया मैनेजर दिलिप सिंह, अभीषेक यादव द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर की। संस्था द्वारा अतिथियों का माला एवं साफा बांधकर स्वागत किया गया। तत्पश्चात मुख्य अतिथियों द्वारा भिन्न भिन्न प्रजाति के पौधे लगाकर पौधारोपण कर पौधे लगाएं। साथ ही वसुधा अशोक, सागोन,करज, पारस पीपल देसी, नीम, बिलपत्र, झंगल इमली, जामुन, आवला सहित बहुत से बड़े-बड़े हरे भरे 551 पौधे शासकीय हाई स्कूल परिसर खारपा में पौधे लगाए गए।